**निविदा सूचना संख्या 03/2022–23 (पी.आर. संख्या 7003 (Forest) 2022–23 से समाचार–पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना) से संबंधित दिनांक 06–09–2022 को हुए प्री–बिड मीटिंग में निविदा समिति द्वारा लिए गए निर्णय।**

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, में दिनांक 01–10–2022 से 30–9–2027 (पाँच वर्षों) तक 05 बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) एवं 06 बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर) के परिचालन हेतु निविदा सूचना संख्या 03/2022–23 द्वारा दिनांक 14–09–2022 के 2.00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित किया गया है। इस निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक व्यक्तियों के साथ दिनांक 06–09–2022 को 03.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति द्वारा एक प्री–बिड मीटिंग आयोजित की गई। प्री–बिड मीटिंग निविदा में भाग लेने वाले कुल 15 ईच्छुक व्यक्तियों ने भाग लिया। उनसे प्राप्त सुझाव के आलोक में आमंत्रित निविदा में निविदा समिति द्वारा निम्नांकित संशोधन किये जाते हैः–

**(क)** सफल निविदाकर्त्ता को 'मैनी' अथवा ब्रान्डेड कम्पनी की अच्छी गाड़ी रखनी होगी जिसपर संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना का 'लोगो' रहेगा।

**(ख)** सफल निविदाकर्त्ता को कुल गाड़ियों में से एक गाड़ी दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से रखना होगा।

**(ग)** निविदा में गैरेज रेंट रू० 70,000/– प्रतिमाह (न्यूनतम) निर्धारित है। निविदाकर्त्ता इस निर्धारित दर से कम दर अंकित नहीं करेंगे बल्कि अधिक दर अर्पित कर सकते हैं। गाड़ी परिचालन के लिए मासिक दर तथा गैरेज मासिक रेंट मिलाकर जिसका कुल मासिक अर्पित दर अधिक होगा, उनके साथ बन्दोबस्ती हेतु निविदा समिति विचार कर सकती है। तदनुसार वित्तीय निविदा को निम्नवत् संशोधित किया जाता हैः–

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | अर्पित दर प्रति माह | |
|---|---|---|---|
| | | अंक में | शब्द में |
| 1 | **5 बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) तथा 6 बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर)** | | |
| 2 | **गैरेज रेंट (न्यूनतम रू० 70,000/–)** | | |
| | कुलः– | | |

**(घ)** सफल निविदाकर्त्ता, निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की अनुमति से एक बड़ी बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) के स्थान पर गोल्फ कार्ट (6 सीटर) रख सकते हैं, परन्तु किसी भी परिस्थिति में कुल गाड़ियों की संख्या 11 से अधिक नहीं होगी।

**(ड़)** सफल निविदाकर्त्ता, गाड़ी चार्जिंग के लिए रात्रि में केवल एक व्यक्ति रख सकते हैं जो सिर्फ गाड़ी चार्जिंग का ही काम करेंगे और उद्यान में ईधर–उधर नहीं घूमेंगे। ऐसा पाये जाने पर इसकी जवाबदेही सफल निविदाकर्त्ता की होगी और वे दंड के भागी होंगे।

कृ०पृ०उ०

**(च)** संचालक द्वारा रखे गये सभी कर्मचारियों का पूरा पता एवं उनका चरित्र प्रमाण–पत्र निदेशक कार्यालय में देना होगा तथा उनके प्रत्येक गतिविधि की जिम्मेवारी संचालक की होगी।

**(छ)** संचालक को दोनों प्रवेश द्वार के निकट तथा बुकिंग काउन्टर के निकट दो–दो बड़े साईज के पट्ट पर दर तालिका के साथ–साथ रूट चार्ट लगाना होगा जिसपर निर्धारित दर तथा परिचालन के रूट साफ–साफ अंकित रहेंगे।

**(ज)** निविदा प्रपत्र 'क' में विगत दो वर्षों 2020–21 एवं 2021–22 के आयकर रिटर्न के स्थान पर विगत दो वर्षों 2019–20 एवं 2020–21 के आयकर रिटर्न की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति, संशोधित किया जाता है।

**(झ)** निविदा शर्त 3 (क) के क्रमांक VI तथा तकनीकी बिड का प्रपत्र 'क' (क्रमांक–6) को संशोधित करते हुए परिसम्पति की राशि रू० 50.00 लाख से रू० 1.00 करोड़ की जाती है।

**(ञ)** बिजली बिल के भुगतान के लिए प्रत्येक माह की 10 तारीख तक निर्धारित की जाती है।

**निदेशक।**

**संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, में 05 बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) एवं 06 बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर) के परिचालन हेतु तकनीकी बिड का प्रपत्र।**

**प्रपत्र 'क'**

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदात्तां द्वारा समर्पित सूचना | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से अपलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 2000/– का डिमांड ड्राफ्ट। | | |
| 2 | निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 1,00,000/–(रूपये एक लाख) अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो पटना में भुगतेय हो। | | |
| 3 | पैन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 4 | जी०एस०टी० निबंधन का स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 5 | विगत दो वर्षों 2019–20 एवं 2020–21 के आयकर रिटर्न की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 6 | किसी पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेट से अभिप्रमाणित परिसम्पति (Capital asset) जो न्यूनतम रू० 1.00 करोड़ का हो। | | |
| 7 | पता और पहचान से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 8 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्त्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर। | | |
| 9 | फर्म के नाम पर निविदा समर्पित करने की स्थिति में निविदाकर्त्ता के लिए फर्म का प्राधिकार–पत्र की मूलप्रति। | | |
| 10 | सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज होने/ न होने संबंधी घोषणा–पत्र। | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा पताः–

**संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, में बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) एवं बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर) के परिचालन हेतु वित्तीय बिड का प्रपत्र।**

**प्रपत्र 'ख'**

प्रेषक,

नामः–
पिता का नामः–

पत्राचार का पताः–
दूरभाष / मोबाईल संख्या–

सेवा में,

निदेशक,
संजय गाँधी जैविक उद्यान,
पटना।

महाशय,

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में 05 बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) तथा 06 बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर) के परिचालन हेतु सरकार को भुगतान किए जाने वाले प्रति माह का अपना दर निम्नवत अर्पित कर रहा हूँः–

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | अर्पित दर प्रति माह | |
|---|---|---|---|
| | | अंक में | शब्द में |
| 1 | 5 बैट्रीचालित वाहन (10–12 सीटर) तथा 6 बैट्रीचालित गोल्फ कार्ट (6 सीटर) | | |
| 2 | गैरेज रेंट (न्यूनतम रू० 70,000/–) | | |
| | कुलः– | | |

1– उक्त पते पर जो भी पत्राचार किया जाएगा, मुझे स्वीकार्य होगा।

2– मैंने निविदा के सभी शर्तों तथा दिनांक 06–09–2022 को हुए प्री–बिड मीटिंग में निविदा समिति द्वारा लिए गए निर्णय को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा मैं निविदा के सभी शर्तों तथा प्री–बिड मीटिंग में निविदा समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को स्वीकार करता हूँ।

3– यदि मेरा निविदा स्वीकार किया जाता है तो मैं निविदा शर्त की कंडिका 6 के अनुसार निविदा की स्वीकृति की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर कुल वाहनों के लाईसेंस फी की एक वर्ष की कुल राशि की 25% (पचीस प्रतिशत) राशि जमानत राशि के रूप में जमा करूंगा।

4– मैं निविदा शर्त की 'वित्तीय बिड' में अंकित सभी प्रकार की राशियों का भुगतान करूंगा।

आपका विश्वासी,